हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 15 दिसंबर 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com
PAGE NO. 05, MIDDLE

# एसआरएमएस-ए फाइनल में

**बरेली।** एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर चल रहे प्राइज मनी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एसआरएमएस-ए ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में एसआरएमएस की ए टीम ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 140 रन बनाए। मोहम्मद यूसुफ ने 28 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्के की मदद से 45 रनों की शानदार पारी खेली। आनंद ने 24 रनों का योगदान दिया। बदले में और ओ2 जोया की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 101 रन ही बना सकी। नाजिम ने सर्वाधिक 31 और इमरान ने 22 रनों का योगदान दिया। एसआरएमएस के लिए अनुज शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए। युवराज सिंह ने दो विकेट लिए। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शहजाद अली ने अनुज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।